# कमजोर हो गया महासंघ, मजबूत करने पर जोर

**खास बातें**

- व्यापार महासंघ की नहीं होती बैठकें, सीधा चुना जाए अध्यक्ष
- 36 संगठनों में से कई ने नहीं कराए सालों से चुनाव, मॉल की दस्तक से संकट में व्यापारी




नवभारत न्यूज

**विदिशा 8 जनवरी, व्यापार महासंघ की गिनती बेहद ताकतवर संगठनों की जाती है. लेकिन यह संगठन अपनी मजबूती खोता जा रहा है. तय वक्त पर चुनाव न होना और संगठन में व्यापारियों की कम संख्या और भी कई कारण है जिसके चलते व्यापार महासंघ की ताकत कम होती जा रही है.**

इसी को लेकर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी और व्यापारियों ने व्यापार महासंघ के चुनाव कराने और संगठन को और ज्यादा मजबत बनारे के लिए प्रेस से चर्चा कर अपनी बात रखी साथ ही अध्यक्ष को सीधे तौर पर चुना जाए और शहर के वे तमाम व्यापारी महासंघ के सदस्य बने जो विदिशा में व्यापार कर रहे हैं. इसके लिए व्यापार महासंघ के पदधिकारी सभी व्यापारियों से एक फार्म भराने की शुरूआत कर रहे हैं. जिसकी शुरूआत गुरूवार से हो गई है.

अभी अध्यक्ष को चुनने के लिए डारेक्टर वोट डालते थे यह बहुत पुरानी परंपरा है जिसको बदलने की जरुरत महसूत की जा रही है.व्यापार महासंघ में 36 संगठन है. जिसके 184 सदस्य ही अध्यक्ष के लिए वोट डालते हैं. पहले जहां 3 साल में महासंघ के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को चुनाव होता था लेकिन इस बार करीब 4 साल होने वाले हैं. लेकिन चुनाव की सुगबुगाहट तक नहीं हो रही है. करीब 7 माह पहले महासंघ के चुनाव कराने को लेकर लिखित में दिया गया था जिसके बाद भरोसा दिलाया गया था कि समिति की मीटिंग की जाएगी. जिसमें चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा और चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी. इसके बाद भी अभी तक मीटिंग नहीं रखी गई. इस बात से संगठन के कई डारेक्टर और खुद व्यापार महासंघ के पदाधिकारी भी खासे खफा नजर आ रहे हैं.

### छोटे और बड़े व्यापारियों को भी संगठन से जोड़ा जाएगा

व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशीष मोदी ने बताया कि शहर में छोटे और बड़े व्यापारियों को जोड़ा जाए तो उनकी संख्या 10 हजार से ज्यादा हो जाएगी.अभी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा जिन व्यापारियों के पास जीएसटी, गुमास्ता और लायसेंस समेत अन्य दस्तावेज हैं उनके कागजातों को देखकर महासंघ से जोड़ने और सदस्य बनाया जाएगा. उन्होंने बताया कि ऐसा क्या कारण है कि हम इतनी बड़ी संख्या में व्यापारियों को नहीं जोड़ पाए या फिर वे महासंघ ने नहीं जुड़े हालांकि अभी फार्म देकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा उसके बाद सदस्य बनाए जाएंगे.

### खुलते गए मॉल नहीं किया विरोध, कमजोर हुआ महासंघ

वार्ता के दौराय यह भी बात सामने आई कि नए नए मॉल शहर में खुल रहे हैं जिससे व्यापारी कमजोर हो रहा है और उनका व्यापार घट रहा है. ऐसे में व्यापारी और महासंघ मॉल खुलने का विरोध तक नहीं कर पा रहे हैं. बाहर की कंपनी यहां से मुनाफा कमाकर पैसा बाहर भेज रही हैं. जिससे स्थानीय व्यापारियों को नुकसान हो रहा है. इसके साथ यह भी आरोप लगाए गए कि एक तरफा मनमाने तरीके से बाजार बंद का समर्थन कर बाजार बंद कर दिया जाता है इसके लिए कोई बैठक तक नहीं होती है.

### डायरेक्टरों के ही नहीं हुए चुनाव, सालों से जमे हैं पद पर

प्रेस वार्ता में बताया गया कि महासंघ में 36 डारेक्टर है जो व्यापारियों द्वारा चुनकर आए हैं. इनमे से 75 प्रतिशत डारेक्टर तो ऐसे हैं जो कई सालों से अपने पद पर जमे हैं. जिनके चुनाव तक नहीं हुए हैं. ऐसे में नए सदस्यों को न तो चुनाव लड़ने का मौक मिल रहा है और न ही वोट डालने का अधिकार मिल पा रहा है. वार्ता में बताया गया कि नई प्रक्रिया शुरू करने की जो मांग की जा रही है वह सिर्फ अध्यक्ष के लिए लागू करने की कोशिश है. बाकी के अन्य पदाधिकारियों को पुरानी परम्परा के अनुसार ही चुना जाएगा. पहले जहां शहर में करीब 3 हजार से ज्यादा व्यापारियों को महासंघ में जोड़ा गया था लेकिन अब शहर में 10 हजार से ज्यादा व्यापारी हो चुके हैं. जिनमें से अधिकांश को व्यापार महासंघ अपने साथ नहीं जोड़ पाया है यदि इतने व्यापारी और जुड़ते हैं तो महासंघ और भी ज्यादा मजबूत हो सकेगा.

### व्यापार महासंघ के त्रिवार्षिक चुनाव मार्च में

व्यापारियों की प्रेस वार्ता के उपरांत देर शाम विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन की उपस्थिति में महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 से 2029 की अवधि के लिए महासंघ के त्रिवार्षिक चुनाव आगामी मार्च माह में संपन्न कराए जाएंगे. उपस्थित पदाधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की.बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों, चुनावी तैयारियों तथा व्यापारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई.इस अवसर पर महासंघ के महामंत्री नवल शास्त्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष मोदी, उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया, कोषाध्यक्ष विष्णनाथ अग्रवाल, वरिष्ठ मंत्री राजीव जैन एवं संयुक्त मंत्री मनीष अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.उल्लेखनीय है कि व्यापार महासंघ के आगामी चुनावों को लेकर शहर के व्यापारियों में विशेष उत्साह और सक्रियता देखने को मिल रही है.

# एक साल भी नहीं टिका हाई मास्क लैंप

**कई साल इंतजार करने के बाद सांसद निधि से लगा**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 8 जनवरी, नेशनल हाईवे 146 पर कुआखेडी-गुलाबगंज मोड़ पर अंधेरे से हो रही परेशानी को देखते हुए व यहां पर हुए अतिक्रमण को हटाने के साथ यहां पर हाई मास्क लैंप की जरुरत महसूस की जा रही है. सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह मुद्दा कई बार उठा. कई बैठकों के बाद यह तय हुआ कि इस तिराहे पर हाई मास्क लैंप सांसद निधि से लगाया जाएगा. सांसद निधि से पैसा मंजूर होने के बाद यहां पर पिछले साल हाई मास्क लैंप लगाय गया था जिसकी लागत लाखों रुपए बताई जा रही है. यह हाई मास्क लैंप एक साल भी ठीक तरह से उजियारा नहीं दे सका.**

बताया गया कि यहां पर तीन तरफ से वाहनों का आना जाना होता है और रात के समय मोड़ पर वाहन टकरा रहे थे और कई हादसे हो चुके थे जिसको देखते हुए लोगों ने तिराहे पर हाई मास्क लैंप लगाने की मांग की थी. सांसद निधि से राशि मिलने के बाद यहां पर लैंप तो लगा लेकिन पिछले साल चली तेज आंधी से इसी लैंप की प्लेट आपस में टकरा गई और एक के ऊपर एक चढ़ गई जिसके चलते अब इस हाई मास्क लैंप से ठीक तरह से उजियारा नहीं हो पा रहा है.इस मामले में यातायात प्रभारी आशीष राय से बात की तो उन्होंने संबंधित विभाग को पत्र लिखकर हाई मास्क लैंप को ठीक कराने की बात कही है.

### कानून के बारे में दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें न्यायाधीश मोना शुक्ला पाण्डेय, न्यायाधीश अंकिता जैन और एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर मौजूद रही. कार्यक्रम में न्यायाधीश मोना शुक्ला पाण्डेय ने महिलाओं के अधिकारों, घरेलू हिंसा, बाल न्यायालय, परिवार भरण पोषण और बाल अपराधों के बारे में जानकारी दी. और महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना. कार्यक्रम में एसडीओपी सोनू डाबर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बाल विवाह, महिला अपराधों, महिला सुरक्षा और सायबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी.



### भगवान राम पर टिप्पणी से नाराज हुआ समाज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया की विगत दिनों सिरोंज में आयोजित कार्यक्रम में दीपक बोद्य द्वारा भगवान श्रीराम और माता सीता पर की गई अभद्र टिप्पड़ी के विरोध में रघुवंशी समाज में रोष है. इसको लेकर समाज के लोगों ने गुरूवार को कलेक्टर एवं एसपी से चर्चा कर दीपक बोद्य को गिरफ्तार कर उस पर रासुका लगाया जाए. रघुवंशी समाज में आक्रोश होने के कारण कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसलिए प्रशासन से उसकी गिरफ्तारी की मांग की है. वीर सिंह रघुवंशी, मोहर सिंह, गुलाब सिंह, विजय सिंह, रणधीर सिंह, संजय सिंह चन्दन सिंह,कुलदीप सिंह मौजूद थे.

### कलेक्टर ने जताया खेद, शिक्षक संगठनों ने ज्ञापन प्रदर्शन किया स्थगित

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** विगत दिवस उदयपुर मे जिला कलेक्टर के द्वारा छात्रावास मे अधीक्षक चैन सिंह चिड़ार को अपशब्द कहने पर आज शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने ज्ञापन देकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी.लेकिन सोशल नेटवर्किंग साइट पर कलेक्टर द्वारा खेद व्यक्त करने पर शिक्षक व कर्मचारी संगठनो ने आज का ज्ञापन व प्रदर्शन आंदोलन स्थगित कर दिया. संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ने बताया सभी संगठनो के वरिष्ठ पदाधिकारीगण की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि आज का प्रदर्शन स्थगित किया जाता है.आजक्स जिलाध्यक्ष एल आर अहिरवार, सुनील रघुवंशी , विनोद श्रीवास्तव नारायण सिंह रघुवंशी , शिव नारायण सक्सैना, मनोज नामदेव आदि मौजूद हुए.

# गश्त की हकीकत जानने पहुंचे आधी रात को थानों में पुलिस कप्तान

**अपराध नियंत्रण, गश्त, निगरानी सहित नशा उन्मूलन जैसे मुद्दों को लेकर दिए दिशा-निर्देश**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** इस कड़ाके की सर्दी में रात के समय कैसी गश्त हो रही है इसकी हकीकत को जानने के लिए पुलिस कप्तान आधी रात को बासौदा के थानों में जा पहुंचे. कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा एवं पुलिसिंग की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली, बासोदा सिटी एवं बासोदा देहात का देर रात औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान थानों की रात्रि कालीन कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण व्यवस्था, गश्त, बीट ड्यूटी तथा लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई. एसपी ने अपराधों की प्रभावी रोकथाम हेतु रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ करने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग तथा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में चलाए जा रहे सीसीटीवी कैमरा विस्तार अभियान को और तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं ग्राम क्षेत्रों में अधिक से अधिक कैमरे स्थापित कर निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाए, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की पहचान में सहायता मिल सके. इसके साथ मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को लेकर एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नशा तस्करी में संलिप्त आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा जब्त किए गए मादक पदार्थों का शीघ्र एवं विधिसम्मत विनष्टीकरण सुनिश्चित किया जाए. इस दौरान उन्होंने यातायात जागरूकता अभियानों को निरंतर प्रभावी रूप से संचालित करने, आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ठोस प्रयास करने के निर्देश भी दिए. एसपी ने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण, शिकायतकर्ताओं से संवेदनशील संवाद बनाए रखने तथा फीडबैक के आधार पर कार्यप्रणाली में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.



# सड़क सुरक्षा माह के तहत लगाया परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

**250 वाहन चालकों की आंखों को परखा, 33 की कमजोर नजर**

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरूवार को यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए पहल की गई.

जिसके तहत एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना यातायात विदिशा परिसर में ऑटो चालक, बस चालक एवं भारी वाहनों के समस्त चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य वाहन चालकों की दृष्टि एवं स्वास्थ्य की समय पर जांच कर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा. इस दौरान सीएसपी अतुल सिंह एवं यातायात प्रभारी आशीष राय मौजूद रहे.शविर के दौरान नेत्र परीक्षण ,टीबी स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस जांच, ब्लड प्रेशर जांच शुगर की जांच की गई थी. शिविर में जांच के दौरान कुल 250 वाहन चालकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें से 13 वाहन चालकों में दूर दृष्टि दोष पाया गया. 20 वाहन चालकों में निकट दृष्टि दोष पाया गया व 217 वाहन चालक नेत्र परीक्षण में पूर्णत: स्वस्थ पाए गए. जिन वाहन चालकों में दृष्टि अथवा स्वास्थ्य संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें समय पर उपचार, आवश्यक सावधानियाँ अपनाने एवं चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई.



### पं.गिरधारीलाल तिवारी का हुआ निधन

नवभारत न्यूज

**कुरवाई**,वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सीसीबी बैंक के पूर्व अध्यक्ष पं.घनश्याम तिवारी के भ्राता पं. गिरधारीलाल तिवारी का गत दिवस भोपाल में इलाज के दौरान् निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम नाही में किया गया, स्व.तिवारी के पुत्र पूर्व सरपंच मनोज कुमार तिवारी एवं सोनू तिवारी के द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई.वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गए है.क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

# किसानों के हक को लेकर शुरू हुई जन आंदोलन यात्रा

**किसान कांग्रेस की जन आंदोलन यात्रा रवाना**

**शमशाबाद विधानसभा के देवखजूरी उप ब्लॉक से शुरू**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान निर्देशानुसार प्रदेश में कसान जन आंदोलन यात्रा निकली जा रही है.**

गुरूवार को शमशाबाद विधानसभा के उप ब्लॉक देवखजुरी में भैरोंबाबा महाराज मंदिर शुरू हुई. जो कि ग्राम देवखजुरी, दीताखेड़ी, अमऊखेड़ी, कोलिंजा, अंडिया परसौरा, सुरई मूडरा से होते हुए ग्राम हिनोतिया में सम्पन्न हुई. किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य किसानों की प्रमुख मांगे हैं जिनमें मुख्य रूप से गेहूं के समर्थन मूल्य 4 हजार प्रति क्विंटल, धान का समर्थन मूल्य 4 हजार प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार प्रति क्विंटल, मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी, नक़ली बीज ब खाद बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही, खाद पर्याप्त मात्रा में और समय पर उपलब्ध हो, भूमि अधिग्रहण क़ानून में बाज़ार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पुलिंग एक्ट समाप्त किया जाए, बिजली विभाग द्वारा किसानों पर बनाए गए झूठे प्रकरण रद्द किए जाएं एवं जंगली जानवरों एवं आवारा मवेशियों द्वारा किसानों की फ़सल ख़राब होती है उन्हें मुआवजा राशि दी जाए. कांग्रेस नेताओं ने किसानों से उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का भरोसा भी दिलाया. यात्रा में जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी,चेतन विक्रम सिंह ,निरंजन सिंह यादव, लक्ष्मण सिंह, रमेश तिवारी, राम सेवक रघुवंशी,अनुज यादव, वीरेंद्र दांगी,गोपाल दुबे,राजेश दुबे,अंकुर गुप्ता, शरद शर्मा, सोनू यादव, सोनू रघुवंशी, राजीव दांगी, गोविंद राजपूत, रघुवीर दीक्षित, किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### हिंदू संगठनों ने की आरोपी पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** विगत दिनों एक सभा के दौरान भगवान श्रीराम पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज में जमकर आक्रोश व्याप्त है. इस दौरान हिंदू समाज के कई संगठनों ने एक बैठक कर प्रभु श्रीराम पर की गई अमर्यादित टिप्पणी की निंदा करते हुए दोषी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की. इस दौरान उन्होंने आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की. जानकारी के अनुसार मामले को लेकर विगत दिनों अनेक सामाजिक संगठन द्वारा तहसील में ज्ञापन देकर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग रखी थी. वही आज बैठक में विभिन्न संगठन द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर प्रदर्शन करने का निर्णय किया गया. तथा मामले में आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही की मांग की गई. जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति हिंदू देवी देवता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से परहेज करे. बैठक में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के अन्य समाज प्रमुख मौजूद रहे.



# ऑटो वालों ने ज्यादा पैसा वसूला तो कॉल पर करो शिकायत

**कंट्रोल रूम बनाया- 6269108974 पर कर सकते हैं शिकायत**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर में ऑटो चालकों द्वारा निर्धारित से अधिक किराया वसूलने की शिकायत अब नागरिक सीधे कलेक्टर कार्यालय के कंट्रोल रूम में कर सकेंगे. इसके लिए कलेक्टर कार्यालय द्वारा कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 6269108974 जारी किया गया है, जो कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक क्रियाशील रहेगा. यदि कोई ऑटो चालक निर्धारित किराए से अधिक राशि लेता है, तो संबंधित नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं. शिकायत दर्ज कराते समय नागरिक को अपना नाम एवं मोबाइल नंबर, ऑटो कहां से कहां तक किया गया, कितना किराया लिया गया तथा ऑटो का क्रमांक स्पष्ट रूप से बताना होगा. प्राप्त शिकायतों को सीधे जिला परिवहन अधिकारी को भेजा जाएगा, ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके. प्रशासन का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को सुविधा मिले और ऑटो किराए में मनमानी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके. जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अधिक किराया वसूली की स्थिति में उक्त नंबर पर निर्धारित समय में शिकायत अवश्य दर्ज कराएं.

**56वीं कनारा ट्रॉफी** | **गौतम रघुवंशी के 79 रनों की बदौलत भोपाल ने हासिल किया लक्ष्य**

# भोपाल लेपर्ड्स सेमीफाइनल में, प्रयागराज को रोमांचक मुकाबले में हराया

**लगातार दूसरी जीत के साथ भोपाल लेपर्ड्स ने सेमी फाइनल में पक्की की जगह**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, कनारा ग्राउंड पर खेली जा रही 56वीं कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता का पांचवां दिन बेहद रोमांचक रहा. गुरूवार को भोपाल लेपर्ड्स और प्रयागराज के बीच मैंच खेला गया.भोपाल लेपर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ.**

पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम 19.2 ओवरों में 153 रनों पर ऑल आउट हो गई. प्रयागराज की ओर से अभिषेक सिंह ने 37 गेंदों में 52 रन बनाए. उनके अलावा अभिषेक यादव ने 38 रन, प्रमोद ने 14 रन और ध्रुव ने 13 रनों का योगदान दिया. भोपाल लेपर्ड्स की गेंदबाजी कसी हुई रही. कमल त्रिपाठी ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए, जबकि सार्थक, सत्यम और आदित्य ने 2-2 विकेट हासिल कर प्रयागराज को बड़े स्कोर से रोका. 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल लेपर्ड्स और प्रयागराज के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली.गौतम रघुवंशी ने एक छोर संभाले रखा और 79 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली. उनका साथ अतुल कुशवाहा ने 21 रन बनाकर दिया. भोपाल लेपर्ड्स ने कड़े संघर्ष के बाद 19.3 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही भोपाल लेपर्ड्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया.मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए गौतम रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच.चुना गया. आयोजकों ने जानकारी दी कि आज का मुकाबला सागर डिविजन और फरीदाबाद के बीच खेला जाएगा.